हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 4 जनवरी 2024

04 श्रीराम-सीता का विवाह उत्सव संसार के ताप को...



07 पुलिस गिरफ्त में युवक की मौत ! परिजनों ने पुलिस...





### आने वाले पांच दिन तक इसी तरह का मौसम रहने का अनुमान

# रिमझिम बारिश के बाद शीतलहर चलने से बढ़ी ठिठुरन, गेहूं की फसल को फायदा

कोहरा और बादल छाने से चने के फसल पर इल्लियों का खतरा। आने वाले दिनो में भी तापमान में उतार चढ़ाव का दौर बना रहेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बुधवार की सुबह शहर सहित आसपास के क्षेत्र में मौसम ने अचानक करवट ली और रिमझिम बारिश हुई। बारिश होने के कारण शीत लहर का प्रभाव और बढ़ गया है। आरएके कॉलेज स्थित मौसम केंद्र के तकनीकी अधिकारी डॉ एसएस तोमर ने बताया कि आगामी पांच दिनों तक आसामान में हल्के मध्यम घने बादल छाए रहेंगे। जिसके कारण खेतों में लगी चने की फसल में इल्लियों का प्रकोप बढ़ने की संभावना बन रही है। ऐसे में किसानों को अपने खेतों में कृषि विशेषज्ञों की सलाह से इल्ली नाशक दवाओं का छिड़काव तो करना ही चाहिए। वहीं खेतों में थोड़े-थोड़े अंतर पर टी आकार की खूंटिया लगानी चाहिए ताकि टी आकार की इन खूंटियों पर पक्षी बैठकर इल्लियां खा सकें। डॉ तोमर ने बताया कि दिन के तापमान में जहां बढ़ोतरी होगी तो वही दिन और रात के तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर बना रहेगा। तापमान में गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस है, जिसके कारण ठंडक बढ़ गई।



#### रिमझिम बारिश ने घोली मौसम में ठंडक

वैसे तो नए साल की शुरुआत ही शीत लहर से हुई है, लगातार एक हफ्ते से कड़ाके की ठंड पड़ रही है और कोहरा भी छा रहा है। कोहरा रोजाना सुबह 9 बजे तक छाया रहता है, लेकिन बुधवार को सुबह 5 बजे से रिमझिम बारिश शुरू हो गई जो 10 बजे तक होती रही। बारिश से सबसे ज्यादा किसानों को फायदा हुआ है क्योंकि इस समय फसलों को पानी की जरूरत होती है।

#### शीतलहर की एडवाइजरी

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने शीतघात व शीत लहर को लेकर पर्याप्त सावधानी बरतने की अपील आम नागरिकों से की गई है। उन्होंने बताया कि शीत ऋतु में वातावरण का तापमान अत्यधिक कम होने पर शीत लहर का चलना प्रारंभ हो जाता है। जिसके कारण मानव स्वास्थ्य पर अनेक विपरित प्रभाव जैसे सर्दी जुकाम, बुखार, निमोनिया, त्वचा रोग, फेफड़ों में संक्रमण हाईपोथर्मिया, अस्थमा, एलर्जी होने की आशंका बनी रहती है। प्रभावी शीत लहर से बचने के लिए गर्म एवं ऐसे कपड़े जिनमें कपड़ों की कई परतें होती है वह शीत लहर से बचाव के लिए अत्यधिक प्रभावी होते है। रजाई, कंबल, स्वेटर, गर्म कपड़ों का उपयोग किया जाना चाहिए व मफलर, आवरण युक्त जलरोधी जूतों का उपयोग किया जाना चाहिए। इस संबंध में जनजागरूकता के लिए मैदानी स्तर पर आशा, आशा सुपरवाइजर्स, एएनएम, एमपीडब्ल्यू को जनजागरूकता के लिए निर्देशित करने सिविल सर्जन तथा समस्त विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### टीकाकरण से वंचित बच्चों व गर्भवतियों को करेंगे चिन्हित

**सीहोर।** भारत शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के सुदढीकरण तथा मीजल्स रूबेला निर्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए टीकों से वंचित 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर, U-WIN पोर्टल के माध्यम से पंजीयन उपरांत टीकाकृत किया जाना है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक प्रियंका दास द्वारा सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान आयोजित किया जाना है। शहरी क्षेत्रों की बढ़ती हुई आबादी के अनुपत में शहरी टीकाकरण का औसत कम होना पाया गया है। शहरी क्षेत्रों में भी U-WIN पोर्टल के माध्यम से टीकाकरण की सेवाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाना अति आवश्यक है। जिसको दृष्टिगत रखते हुये शहरी क्षेत्रों में कार्यरत विभिन्न विभागों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं को एक प्लेटफार्म पर लाना मददगार साबित होगा। NUHM द्वारा संचालित शहरी क्षेत्रों सीएमओ नगर पालिका की अध्यक्षता में शहरी टास्क फोर्स समिति का गठन किया जाये।

### शहरी टास्क फोर्स समिति का गठन

**सीहोर।** आयुक्त स्वास्थ्य सेवायें एवं मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन टीकाकरण द्वारा दिये गये निर्देशानुसार शहरी टास्क फोर्स समिति गठित किया जाना है। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने शहरी टास्क फोर्स समिति का अध्यक्ष नगर पालिका अधिकारी सीहोर को बनाया गया है। समिति सदस्यों में नगर पालिका हेल्थ अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय, जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला महिला बाल विकास अधिकारी अधिकारी, जिला जनसम्पर्क अधिकारी, सहायक कार्यक्रम प्रबंधक, प्रतिनिधि व अन्य संस्थायें और अन्य प्रतिनिधि सदस्य होगें। समिति शहरी टीकाकरण कार्यक्रम को सुदृढ़ करने की दृष्टि से नगर पालिका क्षेत्र का सूक्ष्म कार्ययोजना सशक्त करेगी।

### रुपाली केन्द्रीय विद्यालय की सदस्य मनोनीत

**सीहोर।** सरस्वती कत्थक कला केंद्र की डायरेक्टर रुपाली नवीन सोनी को केन्द्रीय विद्यालय सीहोर विद्यालय प्रबंधन समिति जिसके अध्यक्ष जिला कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता मे वर्तमान समिति जिसका कार्यकाल 10-12-2023 क्रो समाप्त हुआ। आगामी नयी समिति मे अगले तीन वर्षो के लिए संस्कृति के क्षेत्र मे योगदान देने हेतु कार्यसमिति सदस्य के रूप मे मनोनीत किया गया है। रुपाली सोनी एक प्रसिद्ध कत्थक नृत्य कलाकार एवं नृत्य गुरु के रूप मे अपनी पहचान प्रादेशिक व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है।

## कलेक्ट्रेट के सामने सड़क पर बैठे सैकड़ों ड्राइवर

### ड्रायवर कल्याण संघ ने दिया ज्ञापन



**सीहोर।** ड्रायवर कल्याण संघ ने जमकर की नारेबाजी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ड्रायवर कल्याण संघ से जुड़े सैकड़ों ड्रायवरों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट के सामने सड़क पर बैठकर केंद्र सरकार के द्वारा पारित किए गए हिट एंड रन कानून के विरूध जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

ड्रायवर कल्याण संघ ने कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ट के द्वारा केंद्र सरकार से किए गए समझोते का बहिष्कार किया। ड्रायवरों ने सड़क पर चक्काजाम भी कर दिया कोतवाली पुलिस के पहुंचने पर कुछ देर बाद चक्काजाम समाप्त कर दिया। ड्रायवरों ने ड्रायवर कल्याण संघ जिलाध्यक्ष जगदीश पूरी के नेतृत्व में डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के नाम ज्ञापन दिया।

ड्रायवरों के द्वारा हिट एंड रन कानून को पूरी तरह वापस लेने की मांग केंद्र सरकार से की गई। ड्रायवर कल्याण संघ जिलाध्यक्ष जगदीश पूरी ने कहा की सूचना प्राप्त हुई कि सरकार ने जो काला कानून बनाया था वो अभी लागू नहीं हुआ है लेकिन यह जानकारी सही है या गलत है। इस की कोई भी प्रशासनिक अधिकारी पुष्टी नही कर रहा है अथवा नहीं अभी इसकी पुष्टी नहीं की है।

## परमार समाज ने किया मानस मंडल का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

परमार समाज की ओर से तुलसीराम पटेल सहित अन्य ने पीपलनेर मानस मंडल द्वारा दी गई सुंदरकांड की संगीतमय प्रस्तुति पर सभी सदस्यों का पुष्प माला पहनाकर सम्मान किया। परमार समाज के चल समारोह समिति के पूर्व अध्यक्ष रोलूखेड़ी निवासी विष्णु परमार ने बताया कि नव वर्ष के पहले मंगलवार को प्रत्येक मंगलवार की तरह संगीतमय प्रस्तुति दी गई थी। इस मौके पर परमार समाज की ओर से शिव परमार मुरली, निर्माण समिति के अध्यक्ष मुकेश परमार, अजय परमार, अनार सिंह, वीर सिंह, महेन्द्र पटेल, ज्ञान सिंह, जेपी परमार और दशरथ पटेल आदि शामिल थे।

### श्रीमद भागवत कथा में करेंगे बेटी का विवाह

**सीहोर।** हनुमान फाटक मंदिर परिसर में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन होगा। श्रद्धालुओं के मध्य भागवत भूषण कथा व्यास पंडित रविशंकर तिवारी संपूर्ण कथा का संगीतमय वाचन करेंगे। कथा कार्यक्रम में श्रीकृष्ण रुकमणी मंगल विवाह में एक बेटी का विवाह भी संपन्न कराया जाएगा। श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ श्री हनुमान फाटक के प्रमुख पुजारी पं. शेषनारायण तिवारी के मार्गदर्शन में 12 जनवरी को मुख्य यजमान की विशेष उपास्थित में होगा। श्री हिंगलाज माता मंदिर भावसार समाज करबा से कथा प्रांगण तक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कथा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 तक रहेगा। 18 जनवरी तक श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन होगा।

## हत्या कर शव जलाने का मामला: पुलिस आरोपियों के करीब पहुंची, आज हो सकता है अंधेकत्ल का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नए साल के दूसरे दिन ही जिला मुख्यालय पर एक शव मिलने की खबर जब पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर लिया था। शव की पहचान के बाद पुलिस हत्या के आरोपियों के करीब पहुंच गई है। दो संदिग्धों को भी गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। संभवता आज इस अंधे कत्ल का पर्दाफाश हो सकता है। जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय के कस्बा क्षेत्र में स्थित कब्रिस्तान के पास एक अधजला शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली थी। इसके बाद कोतवाली पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और अधजले शव को बरामद कर मर्ग कायम कर पीएम के लिए भेज दिया गया है। प्राथमिक तौर पर जो जानकारी सामने आई है, उसके अनुसार अधजला शव की पहचान जनता कालोनी मंडी निवासी साहिल पिता रहमत के रूप में हुई है। जिसकी गुमशुदगी 31 दिसम्बर को मंडी थाने में दर्ज की गई थी। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग ने बताया कि मृतक युवक की पहचान उनके परिजनों ने की है हाथ की उंगलियों में अंगूठी के आधार पर शिनाख्त हुई है। मामले में विवेचना की जा रही है। थाना प्रभारी विकास खींची ने बताया कि मामले में पुलिस जांच कर रही है शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। पुलिस मामले की आरंभिक जांच के आधार पर मिल रही जानकारियां के आधार पर संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रही है।




## स्कूल पर कार्रवाई नहीं हुई तो एबीवीपी करेगी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक शुभम व्यास ने बताया कि विगत छः माह से विद्यार्थी परिषद लगातार सेंटऐनिस स्कूल पर कई अनियमित्ताओं को लेकर कार्यवाही की मांग कर रही है। जिसमें प्रमुख रूप से मांग की जा रही है कि संस्था प्रबंधन द्वारा जो फीस में 65 प्रतिशत वृद्धि की गई है वो नियम विरुद्ध है। छात्र/छात्राओं की जो पुस्तके है वो एक ही दुकान से विक्रय की जा रही है। छात्र/छात्राओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाया जाकर उन पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है।

प्रार्थना के बाद राष्ट्रगान, मध्यप्रदेश गान एवं भारत माता की जय नही बुलवाई जाती है। जिसके सम्बंध में अभाविप कार्यकर्ताओं द्वारा आन्दोलन किया गया था, साथ ही अभाविप ने कई बार जिला कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी को इस विषय से अवगत कराया था। जिसके परिणाम स्वरूप कलेक्टर के निर्देशानुसार एक जाँच कमेटी गठित की गई थी। जाँच के दौरान अधिकारियों ने बताया कि अभाविप द्वारा लगाये गये सभी आरोपों की पुष्टी हुई है। जांच के दौरान सेंट ऐनिस स्कूल प्रबंधन दोषी पाया गया। जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा एससीएन लेटर जारी कर स्कूल प्रबंधन से जवाब मांगा गया था जिस पर भी स्कूल प्रबंधन द्वारा गलत जानकारी दी गई। इसके पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सेंटऐनिस स्कूल को सात दिनों के अन्दर छात्रों को अनुचित फीस वापस करने को कहा गया, तब भी शासन के नियमों को ताक पर रखकर आदेश का पालन नही किया गया।



जिसके कारण लोक शिक्षण संचनालय भोपाल ने सेंटऐनिस स्कूल को 8 जनवरी के अन्दर जवाब मांगा गया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि समयावधि में निर्देशों का पालन नही किया गया तो सख्त कार्यवाही की जाएगी। विभाग संयोजक हर्षित मेवाड़ा ने बताया कि सेंटऐनिस स्कूल पर सभी आरोप सिद्ध हो चुके हैं, विद्यार्थीयों से अनुचित रूप से ली गई फीस जल्द से जल्द वापस की जाये। शीघ्र कार्यवाही नही होने पर अभाविप उग्र आन्दोलन के लिये बाध्य होगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन एवं स्कूल प्रबंधन की होगी।

## पुलिस की सुरक्षा में पेट्रोल-डीजल के टैंकरों को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी द्वारा निर्देशित किया गया है कि वर्तमान में ट्रक ड्राइवरो की चल रही हड़ताल के संबंध में पेट्रोल डीजल के टैंकर तथा आवश्यक सामग्री से संबंधित वाहनों को कानून व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस का विशेष एस्कॉर्ट लगाकर जिले की सीमा से सुरक्षित निकाला जाए। उक्त आदेश के पालन में रात्रि से थाना श्यामपुर पुलिस द्वारा पुलिस बल लगाया गया। जहां पुलिस के साथ डीजल-पेट्रोल के टैंकरों को जिला सीहोर की सीमा सोनकचछ टोल टैक्स से पार्वती पुल पीलूखेड़ी की सीमा तक पुलिस वाहन से सुरक्षित पास किया जा रहा है। उक्त कार्य में थाना प्रभारी श्यामपुर आर एन मालवीय, सउनि बीएल वर्मा, पुलिस लाईन सीहोर से सउनि हरिप्रसाद आर 264 अभिषेक, आर 121 देवेंद्र, आर 285 राजेश ड्यूटी पर तैनात थे।



### महान समाज सुधारक सावित्री बाई फुले की जयंती पर हुए कार्यक्रम

## सावित्री बाई फुले महिला शिक्षा के साथ समाज सुधाक थीं: डॉ. अनीस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अ.जा.ज.जा.पि.एवं अल्प संख्यक कल्याण परिषद के प्रदेश महामंत्री नरेंद्र खंगराले द्वारा वार्ड क्रं. 11 के डॉ.अम्बेडकर धर्मशाला में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका तथा महान समाज सुधारक सावित्री बाई फुले की जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ.अनीस खान द्वारा सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

अध्यक्षता आयुष्मति प्रेमलता सेल ने की। विशेष अतिथि तत्कालीन पार्षद आयुष्मति आरती नरेन्द्र खंगराले, पूर्व पार्षद अनूप चौधरी, पेंशनर समाज के उपाध्यक्ष के.एल.बैरागी तथा पेंशनर समाज जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल राठौर थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. अनीस खान ने कहा कि सावित्री बाई फुले भारत की प्रथम महिला शिक्षिका एवं महान समाज सुधारक थी तथा उन्होने छूआ-छूत, सति प्रथा, बाल विवाह जैसी कुरितियों एवं विधवा विवाह, नारियों के उत्थान की पहल की। अन्य विशेष अतिथियों ने बताया कि सावित्री बाई के पति ज्योतिराव फुले को उनके पिता द्वारा घर से बाहर निकाल दिये जाने पर उन्होने प्रथम स्कूल खोला तो उस समय के समाज सुधारक उस्मान शेख तथा उनकी बहन फातिमा द्वारा उन्हें मकान प्राप्त करा कर शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग प्रदान किया।



सावित्री बाई फुले देश की महा नायिका है, जिन्होने बिना किसी भेदभाव के हर धर्म व्रादरी के लिये काम किया उन पर समांतवादी कठ्ठरपंथी लोगों द्वार गंदगी, कीचड़, गोबर व विष्टा तक फेका गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पन्नालाल खंगराले, दीपक सोनकर, मजदूर संघ जिलाध्यक्ष भोलाराम जाटव, पन्नालाल खंगराले, सीताराम घोड़ेसवार, धरम प्रकाश आर्य, विजय वर्के, देवीराम जाटव, राजेश मालवीय, लीला किशन वर्मा, धन्नााल परचौले, घनश्याम जाटव, सोनू जाटव, विजय जाटव, प्रेम नारायण सोलिया उपस्थित रहे।

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठकों के लिए
पाठक पुरस्कार योजना-2023
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सदस्य के रिक्त पद की पूर्ति के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी

**सीहोर।** जिला पंचायत सदस्य के रिक्त पद की पूर्ति के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्वाचन कार्यक्रम में मतदान एवं मतगधना, सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणम की घोषणा की तिथियों में आंशिक संशोधन किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार नामनिर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 6 जनवरी 2024 प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 3.00बजे तक, नामनिर्देशन पत्रों की संवीक्षा 8 जनवरी 2024 को प्रातः 10.30 बजे से, अभ्यर्थि से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 10 जनवरी अपरान्ह 3.00 बजे तक निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन 10 जनवरी को नाम वापसी के ठीक बाद, मतदान 27 जनवरी को प्रातः 7.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बज तक जिला पंचायत सदस्य की विकासखण्ड मुख्यालय पर ईव्हीएम से की जाने वाली मतों की गणना 30 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे से और सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणसम की घोषणा 31 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे कि जायेगी।

### भारत संकल्प यात्रा

**सीहोर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज जिले के ग्राम पंचयत पाचौर नशगंज, कुंडीखाक, ललियाखेड़ी, कुरिनयापुरा सहित अनेक ग्रामों में यात्रा पहुंची। इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों में हितग्राहियों को लाभ दे रहे है।

### श्री तुलसी मानस महिला रामायण मंडल के तत्वावधान में हो रही कथा

# श्रीराम-सीता का विवाह उत्सव संसार के ताप को समाप्त करने के लिए हुआः हर्षित शास्त्री

### कथा वाचक ने भगवान राम की कथा का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



श्री तुलसी मानस महिला रामायण मण्डल हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी के तत्वाधान में आयोजित श्री राम कथा के आज पंचम दिवस में ज्योतिष एवं भागवत सिंधु आचार्य पंडित हर्षित शास्त्री ने कथा का वाचन करते हुए कहा कि भगवान श्री राम एवं लक्ष्मण अपने गुरु विश्वामित्र जी के साथ गंगा जी पर विराजमान है। जहां पर विश्वामित्र जी ने भगवान राम को गंगा जी के प्रगति की कथा सुनाएं भगवान राम जब अहिल्या को गति दे करके आगे बढ़े तो उनके मन में भाव उत्पन्न हुआ क्या है, तो ऋषि पत्नी जो हमसे पाप हो गया गुरु जी के द्वारा बताया गया कि गंगा सारे पापों को समाप्त कर देती है मुख से कोई एक बार गंगा मैया की जय बोल देता है 10,000 दूर बैठे हुए व्यक्ति के भी सारे पाप नष्ट हो जाते हैं। जहां पर राम भगवान और लक्ष्मण जी का जब आगमन हुआ तब उनको देखकर जनक जी विचार करने वालों की यह दोनों बालक कौन हैं, तब गुरुजी ने बताया कि यह अयोध्या के राजा दशरथ नंदन भगवान श्री राम है एवं श्री लक्ष्मण हैं। आज जनक जी उन दोनों लाल को देखकर मन में विचार करने लगे यदि हमने संकल्प नहीं लिया होता तो हमारी जान की का विवाह सांवरे वाले राम से कर देते हैं।

गुरु जी आज जनक पुरी की सबसे सर्व सुविधायुक्त भवन में श्री राम जी और लक्ष्मण जी एवं विश्वामित्र जी को रुकैया है जहां पर अगले दिन प्रातः काल भगवान श्री राम गुरु जी की पूजन के लिए पुष्प लेने के लिए पुष्प वाटिका गए जहां पर मालियों ने द्वार पर भगवान को रोक दिया और कहा जब तक आप जनक नंदिनी की जय नहीं बोलेंगे तब तक आपके अंदर नहीं जाने देंगे लक्ष्मण जी को क्रोध आया राम जी ने समझाया तब बात को समझ करके मालियों के समक्ष भगवान श्री राम और श्री लक्ष्मण ने जनक नंदिनी सीता मैया की जय कहा तभी उन्हें उसे वाटिका में जाने की अनुमति मिली भगवान श्री राम पूजन के लिए पुष्प उतार रहे थे। उसी समय माता-पिता उमा पूजन करने के लिए पंढरी जहां पर मैया ने सरोवर में स्नान किया और उमा पूजन करने लगी तभी माता सीता अपनी अष्ट सखियों के साथ पूजन करने के लिए विराजित थी उसमें से चौथे नंबर की साखी उस वाटिका को देखने के लिए चली जहां पर उसे भगवान श्री राम और लक्ष्मण जी का दर्शन हुआ सखी दौड़ करके गई और सभी साथियों को बताया कि जो दोनों बालक कल दिखाई दे रहे थे वही दोनों बालक वाटिका में पढ़ा रहे हैं। सभी सखियां माता सीता को साथ लेकर के पधारी और भगवान राम ने सीता जी को देखा और सीता जी ने राम जी को देखा देखकर के ही सीता जी ने अपने नेत्रों के माध्यम से भगवान श्री राम को अपने हृदय सिंहासन में विराजमान कर लिया और माता उमा के मंदिर में जाकर के प्रार्थना कारी के है माता आप जानती है। अब निश्चित है कि जिस से हम भी वह करना चाहते हैं वही राम से हमारा विवश निश्चित होगा अगले दिन का प्रातः काल हुआ विश्वामित्र जी भगवान श्री राम और लक्ष्मण जी के साथ सभा मंडप में पधारे जहां पर धनुष यज्ञ का जो स्थान का उसका गुरुदेव ने निरीक्षण किया उसके उपरांत पधारे हुए सभी राजाओं से ऊंचा आसन भगवान श्री राम लक्ष्मण एवं गुरुदेव को दिया गया। जहां पर वह विराजमान होकर के धनुष यज्ञ देखने लगे जनक जी ने घोषणा करी जो भी है धनुष की प्रत्यंचा चढ़ा चढ़ा आएगा वही हमारी पुत्री से हुआ करेगा शब्बा प्रकट करते हुए सभी राजाओं ने प्रयास करना चाहा पर कोई भी सफल नहीं हो सका। जनक जी को गहरा दुख हुआ प्रजा को गहरा दुख हुआ कि कोई भी हमारी सीता से विवाह करने वाला नहीं है क्या तब इस बात का विचार करते हुए भगवान श्री राम लक्ष्मण जी को प्रणाली और लक्ष्मण जी ने सभा में खड़े होकर के सब को ललकारा जब तक रघुवंशी यहां विराजमान है तब तक आप यह वचन नहीं दे सकते तब लक्ष्मण जी ने राम जी की समक्ष कहा मुझे मेरे भैया की आज है यदि मैं पृथ्वी को गेंद बनाकर के ना खेल लूं यदि मेरे भैया कहें तो मैं अभी यह धनुष तोड़ दूं राम जी ने लक्ष्मण जी के क्रोध को शांत कराया गुरु जी ने आज्ञा प्रदान करी तब राम जी अपने आसन से उठे और एक क्षण मात्र में ही राम जी ने धनुष को उठाकर के उसे धनुष का वेतन कर दिया और भगवान राम को कोई देख नहीं पाया उधर माता सीता को बड़ा हर्ष हुआ।

# हड़ताल खत्म होते ही सड़कों पर दौड़ने लगे ट्रक और बसें




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

2 दिन से देश भर में ड्राइवरो की हड़ताल के चलते बस और ट्रक सहित अन्य वाहन सड़कों पर दिखाई नहीं दे रहे थे बीती रात्रि में हड़ताल खत्म हो गई थी इसके बाद आज सुबह से सड़कों पर ट्रक बस एक बार फिर से दौड़ने लगे हैं।दरअसल हिट एंड रन कानून के विरोध में ड्राइवर संगठन ने देश भर में हड़ताल कर दी थी 2 दिन की हड़ताल में ही लोग परेशान हो गए थे यहां तक की पेट्रोल पंपों पर लंबी कतार लग गई थी बस बंद होने से आम नागरिक भी परेशान हो गए थे। रात्रि में हड़ताल खत्म हो गई और उसके बाद बुधवार से सभी वाहन सड़कों पर दौड़ने लगे।बस स्टैंड से सभी बसें रवाना हुईआष्टा बस स्टैंड पर भी यहां से आने और जाने वाली सभी यात्री बस समय से रवाना हुई इधर इंदौर भोपाल मार्ग पर चलने वाली अधिकांश बसें आज शुरू हो गई यह जरूर है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ बसे ही चली क्योंकि सुबह-सुबह ट्रैफिक नहीं था दिन में सभी बसें अपने समय से शुरू हो गई।

# पांच दिवसीय भीलट कथा के अध्यक्ष बने दुर्गा प्रसाद पेठारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

देव स्थल ग्राम रूजन खेड़ी में रविदास समाज की बैठक रखी गई थी जिसमें सर्वसम्मति से दुर्गा प्रसाद पेठारी को अध्यक्ष एवं बाबूलाल चौकसे सुमर सिंह धावरे धर्मेंद्र भारती को उपाध्यक्ष एवं राधेश्याम बकोरिया को कोषाध्यक्ष व जीवन सिंह धावरे भैरूंदा को सचिव नियुक्त किया गया। इसी प्रकार से सहसचिव मोहनलाल बांकरियां, रामदयाल हरियाले, राजेंद्र सिंह राजे, राहुल धावरे, उपकोषाध्यक्ष राधेश्याम बड़ोदिया, संतोष हरियाले, मदनलाल पेठारी, रामभरोस अटेरिया, चंपालाल धनकर, प्रचार सचिव रामबगश बनवारी, कमलेश हरियाले, रमेश कुमार धावरे, बोरखेड़ा संचालक संतोष गौर, सहसंचालन राजेश लोदवाल, विष्णु पाटील सहित सामाजिक लोगों को नियुक्त किया। इस आयोजन का शुभारंभ 2 फरवरी 2024 से 6 फरवरी 2024 तक संगीतमय कथा का वाचन परम पूज्य गोविंद दास महंत जिला नर्मदा पुरम वालों के मुखारविंद से किया जावेगा। पांचो दिन समाजसेवियों द्वारा भंडारा कराया जाएगा।

### पूजा-अर्चना के पश्चात भंडारे का आयोजन



**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी शहर के थूना खुर्द स्थित सेमला बाबा मंदिर स्थान पर आस-पास के बड़ी संख्या में किसानों ने यहां पर खेत पर स्थित सेमलवाले बाबा की पूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना की और भंडारे का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष ताराचंद्र यादव ने बताया कि प्रति वर्ष किसान कल्लूराम यादव के खेत पर बने सेमला वाले बाबा की पूजा अर्चना किसानों के द्वारा की जाती है। हर साल बड़ी संख्या में किसान अपनी अच्छी उपज के लिए यहां पर पूजा अर्चना करने है। इसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर निर्मल यादव, धुरव यादव, भोला यादव, सन्नी यादव, राजेश भूरा यादव, अरुण राय, राजेन्द्र वर्मा, मनोज दीक्षित मामा, मनीष यादव, धर्मेन्द्र मालवीय, लखन कुशवाहा, मनोहर मेवाड़ा, भेरु परमार, लाड सिंह परमार, मोतीलाल यादव, बलराम यादव, प्रमोद यादव और मांगीलाल कुशवाहा आदि शामिल थे।

# हनुमानजी की झंडा यात्रा का अरोरा ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नगर में वर्ष के पहले मंगलवार 2 जनवरी को हनुमानजी की झंडा यात्रा निकाली गई। इस दौरान यात्रा का नगर में जगह-जगह स्वागत सत्कार भी किया गया। हनुमानजी की झंडा यात्रा वर्ष के पहले मंगलवार को निकालने का रिवाज वर्षों से है।

मंगलवार को निकली हनुमानजी की झंडा यात्रा का वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने भी स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने हनुमानजी के झंडे की पूजा-अर्चना की एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सत्कार भी किया। हनुमानजी की झंडा यात्रा श्रीराम मंदिर से शुरू हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो से निकली। इसके बाद हनुमान फाटा पर यात्रा का समापन किया गया। हनुमान झंडा यात्रा के दौरान जय श्रीराम के जय घोष लगते रहे तो वहीं भजनों की धुन पर लोग थिरकते हुए भी चलते रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा ने कहा कि श्रीराम हम सबके अराध्य हैं और उनके परम भक्त संकटमोचन श्री हनुमानजी की यात्रा में शामिल होना हम सबके लिए गौरव की बात है।

उन्होंने बताया कि सीहोर नगर में बरसों से वर्ष के पहले मंगलवार को हनुमान जी की झंडा यात्रा निकाली जाती है और इसमें सभी नगरवासी शामिल होकर यात्रा को ऐतिहासिक बनाते हैं। इस बार भी श्री हनुमानजी की यात्रा ऐतिहासिक रही।

# बरखेड़ी से हरी झंडी दिखाकर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने बाइक रैली को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मजदूरों के बच्चे भी अब विदेशों में पढ़ाई कर रहे है। संगठित असंगठित मजदूरों को सभी तरह की सुविधाऐं उपलब्ध कराई जा रही है प्रदेश सरकार मजदूरों और उनके परिवारों के हित में अनेक योजनाऐं चलाई जा रही है। जन्म से लेकर मृत्यु तक श्रमिक परिवारों का ध्यान मध्य प्रदेश भवन अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल रख रहा है प्रगति पथ पर बढ़ रहे मजदूरों को किसी भी प्रकार की कोई भी परेशानी नहीं आने दी जाएगी उक्त बात मंगलवार को अम्बेडकर धर्मशाला में अखिल भारतीय कस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश भवन अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त हेमन्त तिवारी ने कही। उन्होने कहा कि भारतीय कस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ भवन एवं अन्य संनिर्माण मजदूर संघ के पदाधिकारियों के द्वारा श्रमिकों के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्य सराहनीय है कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। मजदूरों की आर्थिक समृद्धि और परिवारिक विकास के संकल्प के साथ अखिल भारतीय कस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के द्वारा संभागीय भवन एवं अन्य संनिर्माण मजदूर संघ जिलाध्यक्ष भोलाराम जाटव एवं जिला महामंत्री देवीराम जाटव के नेतृत्व में ग्राम बरखेड़ी चोराहा से बाइक रैली का शुभारंभ हरि झंडी दिखकर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के द्वारा किया गया। अम्बेडकर धर्मशाला में दो दिवसीय बैठक कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा,भारत माता, सहस्त्रबहू के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर विशिष्ट अतिथि मध्य प्रदेश भवन अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल अध्यक्ष कैबिनेट दर्जा मंत्री हेमन्त तिवारी, राष्ट्रीय महामंत्री अखिल भारतीय कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ नई दिल्ली,जंगबहादूर सिंह, सदस्य म.प्र. प्रवासी मजदूर आयोग राज्यमंत्री दर्जा विनोद रिछारिया, प्रभारी असंगठित क्षेत्र भारतीय मजदूर संघ जयंत देशपाडे,संभाग महामंत्री एवं प्रदेश मंत्री लीलाकिशन वर्मा, मजदूर संघ जिलाध्यक्ष विनीत दुबे एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद हरीश कौशल, मजदूर संघ अध्यक्ष मुरारी प्रसाद के द्वारा किया गया। भवन एवं अन्य संनिर्माण मजदूर संघ के द्वारा भवन अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल अध्यक्ष कैबिनेट दर्जा मंत्री हेमन्त तिवारी को विभिन्न मांगों के संबंध में ज्ञापन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन लीलाकिशन वर्मा एवं आभार सरवन जाटव के द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजकुमार मालवीय, कृष्ण वर्मा, वीरेंद्र जोहर, सरवन जाटव, कुलदीप जाटव, बंटी जाटव, बलराम जाटव, नितेश यादव, माधव जाटव, हर्ष जाटव, राम परमार आदि श्रमिक मौजूद रहे।

# अक्षत लेकर घर-घर निमंत्रण देने पहुंच रहे रामभक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



अयोध्या में भगवान श्री राम के मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होना है इसके चलते इस प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को पूरा हिंदुस्तान देखेगा.. हम समर्पण निधि लेने आये थे.. हम निमंत्रण देने भी आये है...इसके लिए अयोध्या से पूजित अक्षत आए हैं जिसको लेकर मातृशक्ति व रामभक्त घर-घर पहुंचकर अक्षत देकर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे हैं ये पूजित अक्षत निमंत्रण महाअभियान 1 जनवरी से 15 जनवरी तक चलेगा अयोध्या में भगवान श्रीराम के विराजमान होने की तारीख तय हो चुकी है। आगामी 22 जनवरी मुख्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा। जिसके चलते अक्षत कलश के माध्यम से घर – घर निमंत्रण दिया जा रहा है। अयोध्या से आए अक्षत कलश का विश्व हिंदू परिषद विधि विधान से पूजन अर्चन कर रहा है। गली मोहल्लों में अयोध्या से आए अक्षत कलश की शोभायात्रा निकाली जा रही है। कई क्षेत्रों के मंदिरों में महाआरती कर प्रसादी का आयोजन हो रहा है। कलश को सिर पर धारण कर महिला व पुरुष स्वयं को भाग्यशाली मान रहे है। बुधवार को अक्षत कलश नगर के गांधीचौक छोटा बाजार,मोर्चाली गली,सुदामा गली,वेद जी की गली,किसान मोहल्ला, भाईलाल कॉलोनी आदि विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचा। यहां क्षेत्रवासियों ने ढोल ढमाकों के साथ पूजन अर्चन किया। क्षेत्र की मातृशक्ति व बच्चों ने बढ़ चढ़कर कलश पूजन व शोभायात्रा में हिस्सा लिया।

### हर घर मे दीप और रंगोली बनाकर होगा स्वागत

नगर के विभिन्न क्षेत्रों में अक्षत कलश का सामुहिक पूजन किया जा रहा है। समाज में 22 जनवरी को रामलला के विराजमान होने की खुशी है। 22 जनवरी को घर - घर में दिवाली मनाई जाएगी। घरों में माताएं व बहने रंगोली बनाकर, घर पर भगवा पताका एवं दिप लगाकर प्रभु श्रीराम का स्वागत करेगी। हम सभी का अयोध्या जाना हमारे लिए संभव नहीं है इसलिए हमने ₹मेरी बस्ती -मेरी अयोध्या₹ का नारा दिया है। इस दिन हम घरों में साज - सज्जा, मंदिरों में भजन कीर्तन, भंडारे कर दिन को विशेष बना सकते है।

### मंदिर में प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को

किसान मोहल्ला भदभदा चौराहा पर भी नवीन मंदिर बनकर तैयार हो चूका है...रामदरवार प्राण प्रतिष्ठा की तारीख 22 जनवरी तय की गई, किसान मोहल्ले के रहवासियो के लिए बहुत बड़ा ख़ुशी का पल है की अयोध्या मे प्राण प्रतिष्ठा के साथ हमारे नवीन मंदिर का भी रामदरवार की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। मोहल्ले के रहवासी ढोल धमाको से शोभायात्रा के भी हिस्सा होंगे।

### विहीप बजरंग दल ने सीएम को सौंपा राम मंदिर का आमंत्रण

# विश्व का सबसे बड़ा निमंत्रण अभियान किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों विहिप, बजरंग दल की टोली के साथ अन्य संगठन के कार्यकर्ताओं को क्षेत्रवार अयोध्या से आए पूजित अक्षत, श्रीराम मंदिर का चित्र एवं पत्रक का वितरण किया जा रहा है। इस क्रम में प्रांत के पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश के मुखिया को दिया गया।

मंगलवार को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को प्रांत टोली ने अयोध्या के पूजित अक्षत और श्रीराम मंदिर का चित्र दिया। इस अवसर पर प्रांत कार्याध्यक्ष केएल शर्मा, प्रांत मंत्री राजेश जैन, प्रांत संगठन मंत्री खगेन्द्र भार्गव, ट्रस्टी मनोज शाही, प्रांत सह मंत्री सुनील शर्मा आदि शामिल थे। विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों का कहना है कि विश्व का सबसे बड़ा निमंत्रण अभियान एक जनवरी से शुरू हो गया है। इस अभियान में विश्व हिन्दू परिषद के नेतृत्व में विभिन्न संगठन्नों के कार्यकर्ताओं के द्वारा मोहल्ला स्तर पर प्रत्येक हिन्दू परिवार में जाकर अक्षत एवं पत्रक देकर श्रीराम जन्म भूमि पर होने जा रही भगवान श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण दे रहे है साथ ही आगामी 22 जनवरी को मेरा घर-मेरी अयोध्या के स्वरूप में भव्य राम उत्सव मनाने का आग्रह किया जाएगा। गत दिनों त्यागी बाबा आश्रम में विश्वहिन्दु परिषद बजरंग दल के द्वारा संतों ब्राहम्णों कथा वाचकों की विशेष बैठक आयोजित की गई। प्राचीन श्री हंसदास मठ दशहरा वाला बाग के संत श्री हरि रामदास महाराज ने बैठक को संबोधित किया। उन्होने कहा की संतों ब्राहमणों के मार्गदर्शन में विधर्मियों से सनातन धर्मियों ने अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए पांच सौ वर्ष तक संघर्ष किया।

हमारे पूर्वजों ने धर्मांतरण स्वीकार नही किया और सात लाख पचास हजार से अधिक सनातन धर्मियों ने प्राणों की आहुति दे दी। आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा रखते हुए मंदिरों के व्यवस्थाकों कथा वाचकों ब्राहमणजनों पुजारियों से अपने नगरों कस्बों गांवों के मंदिरों में निश्चित समय पर भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित करने एवं संपूर्ण हिन्दू समाज को इस महोत्सव में शामिल करने का आहवान किया।

# फैक्ट्री पर कार्रवाई करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

चमड़े से जेली बनाने वाली फैक्ट्री एवं विंध्याचल फैक्ट्री पीलूखेड़ी के खिलाफ किसानों के हित में बुधवार को अखिल भारतीय किसान सभा के प्रांतीय महासचिव प्रहलाद दास बैरागी के द्वारा डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को ज्ञापन सौपा गया। राजगढ़ जिले के पीलू खेडी औधोगिक क्षेत्र में संचालित चमड़े से जेली बनाने वाली फैक्ट्री एवं विंध्याचल फैक्ट्री के द्वारा सीहोर जिले की सीमा श्यामपुर तहसील क्षेत्र में आने वाली पार्वती नदी और खेतों में दूषित जैहरीला पानी छोड़ा जा रहा है।

जिस से किसानों के उपजाऊ खेत खराब हो रहे है और पार्वती नदी भी प्रदुषित हो रही है। इस पानी का रिसाव भूमि में हो रहा है जिससे भूजल दुषीत हो रहा है पर्यावरण और नदी का पानी खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है।

अनजाने में ग्रामीणजन इस पानी का उपयोग कर रहे है। इधर नदी के प्रदुषित पानी को पीकर जलचर और पशुओं की मौते भी हो रही है। इधर पार्वती नदी में दो बहुत महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजना, रेसाई पार्वती, सुटालिया परियोजना का कार्य अंतिम चरण में है ऐसे में उक्त डेमों का संग्रहित पानी भी दुषित होने की संभावनाएं बनी हुई है। अप्रहलाद दास बैरागी के नेतृत्व में किसानों के द्वारा इस मामले की जांच गंभीरता पूर्वक जलशोधन एवं राजपत्रित अधिकारी से जांच जाने और आम लोगों के जीवन और भुजल, पर्यावरण की सुरक्षा करते हुए पार्वती नदी को सुरक्षित रखने दोषी जेली बनाने वाली फैक्ट्री एवं विंध्याचल फैक्ट्री के मालिकों सहित अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग जिला प्रशासन से की गई है।

**न्यायालय तहसीलदार**
**तहसील भैरूंदा**
**जिला सीहोर (म.प्र.)**
प्र.क्र. 0004/अ-19(3) 2023-24
दिनॉक - 02.01.2024

**-: उद्घोषणा :-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद भैरूंदा को सार्वजनिक प्रयोजन, आगनबाडी भवन, उद्यान, खेल मैदान हेतु कस्बा भैरूंदा की निम्नलिखित शासकीय भूमि आबंटन किये जाने के संबंध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इश्तहार चस्पा दिनॉक से 15 दिवस के अन्दर मेरे न्यायालय में स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। इश्तहार म्याद उपरान्त प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

भूमि का विवरण-
ग्राम/कस्बा भैरूदां पटवारी हल्का नं. 56 तहसील भैरूंदा भूमि सर्वे नं. -164/1/1/1, रकबा- 4.491 में से 0.016 हे. मद - शासकीय

आज दिनांक 02.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तहसीलद भैरूंदा**

शव रखकर किया चक्काजाम, एडिशनल एसपी ने संभाला मोर्चा, कार्रवाई के आश्वासन पर मामला हुआ शांत

# पुलिस गिरफ्त में युवक की मौत ! परिजनों ने पुलिस पर जहर देने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

खिलचीपुर में विगत दिन पुलिस की गिरफ्त में नाबालिग लड़की को भगा ले जाने वाले युवक करण मोगिया की पुलिस थाने में अचानक पूछताछ के दौरान उल्टी आकर जान घबराने लगी, पुलिस ने उपचार के लिए खिलचीपुर अस्पताल भिजवाया। खिलचीपुर से युवक को राजगढ़ रेफर किया गया, तत्पश्चात राजगढ़ से भोपाल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। भोपाल से युवक का शव आने के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार नहीं करते हुए सड़क पर शव रखकर पुलिस पर जहर देने का आरोप लगाते हुए चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी आलोक कुमार शर्मा, एसडीएम राजगढ़ गुलाब सिंह बघेल तथा तहसीलदार सोनू गुप्ता मौके पर खिलचीपुर, जीरापुर ,भोजपुर पुलिस बल सहित पहुंचे। परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर सड़क का चक्का जाम हटवाया। वहीं परिजनों को अंतिम संस्कार करने को कहा, परिजन मान गए और शव का अंतिम संस्कार किया।

### क्या है मामला




पुलिस के बताए अनुसार युवक करण मोगिया उम्र 20 वर्ष को पुलिस ने 28 दिसंबर को नाबालिग लड़की को भगा ले जाने, झांसा देने के आरोप में पकड़ा था। लड़की के पिता ने पुलिस थाना खिलचीपुर में अपनी नाबालिग लड़की को झांसा देकर भगा ले जाने का प्रकरण दर्ज कराया था। प्रकरण अनुसार युवक पर लड़की के बयान के आधार पर अपहरण और पास्को की धारा दर्ज की थी। मृतक के मामा पप्पू मोगिया ने बताया 28 दिसंबर शाम को मृतक करण का हमारे पास फोन आया था कि पुलिस ने उसे पकड़ लिया है, तब वह बिल्कुल ठीक था करीबन रात 1 बजे उसकी तबीयत बिगड़ गई पुलिस हमें यह बताये कि करण की अचानक तबीयत कैसे खराब हो गई। हमसे यही कहा जा रहा था कि उसका इलाज चल रहा है फिर अचानक करण को भोपाल रेफर कर दिया। मैं एसपी साहब के पास शिकायत लेकर गया तो उन्होंने मेरी कोई सुनवाई नहीं की। हमें भोपाल के अस्पताल से पता चला करण ने जहर खाया है। पुलिस सिर्फ तबीयत खराब होने की बात करती रही।

### इनका कहना है...

मृतक युवक के परिजनों ने चक्का जाम कर दोषियों पर कार्यवाही और आर्थिक सहायता की मांग रखी है। अंत्येष्टि आर्थिक सहायता तत्काल दी जाएगी और मुख्यमंत्री को प्रकरण भेजकर सहायता दिलवाएंगे। वहीं चार लोगों के नाम मृतक के बयान में आए हैं, कार्रवाई की जाएगी।

**गुलाब सिंह बघेल, एसडीएम राजगढ़**

शायद मृतक ने पुलिस के पकड़े जाने के पहले ही जहर खा लिया होगा। मृतक के परिजनों को मैं जानता ही नहीं हूं। मुझसे कोई मिलने नहीं आया। मृतक की जान बचाने पुलिस ने हर संभव इलाज करवाया।

**धर्मराज मीणा, एसपी राजगढ़**

बांकपुरा और मान्यापुरा गांव के लोगों में हुआ झगड़ा

## विवाद में चले लट्ठ-फर्से, दोनों पक्षों के 19 पर एफआईआर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कालीपीठ थानाक्षेत्र के बांकपुरा और मान्यापुरा गांव के दो परिवारों में पुराना विवाद चल रहा है। इस विवाद में उनके बीच कई बार झगड़ों की नौबत आ चुकी है। गत दिवस उसी विवाद के चलते एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। बाद में दूसरे पक्ष की तरफ से भी मारपीट की गई। दोनों तरफ से चले लट्ठ, हथियारों में 10 लोग घायल हो गए जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से क्रॉस मुकदमा दर्ज करते हुए मामला विवेचना में लिया है। हमले में घायल हुए लोगों में माया पत्नी मुकेश निवासी बांकपुरा, सुगनबाई पत्नी राजा बांकपुरा, ग्यारसीराम पिता गोपीलाल निवासी मान्यापुरा, मोड़सिंह पिता घीसालाल निवासी बांकपुरा, पर्वत पिता रमेश निवासी बांकपुरा, जगन्नाथ पिता धूलजी, नन्नू पिता कंवरलाल एवं रमेश पिता अमरलाल सहित अन्य शामिल हैं।

### बलवे और मारपीट की धाराओं में क्रॉस प्रकरण दर्ज

मामले में पुलिस ने ग्यारसीराम की रिपोर्ट पर गजन पिता मोरसिंह, बनेसिंह पिता कंवरलाल, लखन पिता बनेसिंह, पर्वत पिता रमेश, अनारसिंह पिता रमेश, नन्नू पिता कंवरलाल, मुकेश पिता कंवरलाल, कंचीबाई पत्नी बनेसिंह, सुगनबाइर पिता बनेसिंह तंवर, मोरसिंह तंवर सर्व निवासी बांकपुरा पर मामला दर्ज किया है। इसी तरह दूसरे पक्ष के बनेसिंह पिता कंवरलाल की रिपोर्ट पर फूलसिंह पिता अमरसिंह, चंदरसिंह, बादाम सिंह, प्रकाश पिता ग्यारसीराम, सूरज, प्रभुलाल पिता छोटेलाल, पप्पू पिता लच्छूराम, ग्यारसीराम पिता गोपीलाल, देवराज पिता हजारीलाल सर्व निवासी मान्यापुरा एवं मिश्रालाल तंवर निवासी नयागांव पर बलवे एवं मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

ऋजु बाफना बनीं नई कलेक्टर, किशोर कन्याल को हटाया

## ड्राइवर से गलत भाषा में बात करने पर कलेक्टर पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाजापुर

कलेक्टर किशोर कन्याल को राज्य सरकार ने हटा दिया है। उनकी जगह नरसिंहपुर कलेक्टर ऋजु बाफना को शाजापुर भेजा है। बस-ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के दौरान मंगलवार को एक बैठक में कन्याल और ड्राइवर्स के बीच गहमा-गहमी हो गई थी। उन्होंने ड्राइवर से कहा था कि समझ क्या रखा है? क्या करोगे तुम, तुम्हारी औकात क्या है किशोर कन्याल ने बाद में सफाई भी दी। किशोर कन्याल ने अपनी सफाई में कहा था, मेरा उद्देश्य किसी को ठेस पहुंचना नहीं था। जिले में किसी को भी कानून व्यवस्था तोड़ने नहीं दिया जाएगा। आमजन की सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है और किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं होने देंगे।

कानून तोड़ने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेंगे। बाद में कन्याल ने माफी भी मांग ली थी। नौ महीने ही कलेक्टर रहे कन्याल किशोर कन्याल राज्य प्रशासनिक सेवा से नौकरी में आए हैं। उनको 2013 में आईएएस अवार्ड हुआ है। कन्याल को 3 अप्रैल 2023 को शाजापुर कलेक्टर बनाया गया था। महज नौ महीने बार सरकार ने उनको पद से हटा दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार सुबह किशोर कन्याल को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, मनुष्यता के नाते ऐसी भाषा हमारी सरकार में बर्दाश्त नहीं है। मैं खुद मजदूर परिवार का बेटा हूं। अधिकारी भाषा और



ऋजु बाफना, नई कलेक्टर



किशोर कन्याल को हटाया

व्यवहार का ध्यान रखें। जो अधिकारी ऐसी भाषा बोलते हैं, उन्हें मैदान में रहने का अधिकार नहीं है। किशोर कन्याल ड्राइवर्स एसोसिएशन के सदस्यों से कह रहे थे कि कोई कानून को अपने हाथ में नहीं लेगा। इसी दौरान एक ड्राइवर ने कलेक्टर को कहा- अच्छे से बोलो। यह सुनकर कन्याल भड़क गए और कहा- गलत क्या है। समझ क्या रखा है? क्या करोगे तुम, तुम्हारी औकात क्या है? इसके बाद ड्राइवर ने कहा- यही तो हमारी लड़ाई है, हमारी कोई औकात नहीं है। इसके बाद कलेक्टर ने कहा- लड़ाई ऐसे नहीं होती है। कृपया कोई भी कानून अपने हाथ में न ले। आपकी सारी बातों को सुनने के लिए ही यहां बुलाया गया है। कलेक्टर के नाराजगी जताने पर ड्राइवर ने माफी मांग ली थी।

### राज्यमंत्री टेटवाल ने किया पदभार ग्रहण



**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश सरकार के सभी कैबिनेट राज्य मंत्री एवं स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्रियों को विभागों का बंटवारा होते ही शासन की और से मंत्रालय में कार्यालय का आवंटन भी कर दिया हो विभाग एवं कार्यालय आवंटित होने के बाद सभी मंत्रियों के द्वारा अपने अपने विभागों के कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इसी क्रम में सारंगपुर विधायक एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल ने तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार स्वतंत्र प्रभार में मंगलवार को मंत्रालय के कक्ष में विधिविधान से पूजा अर्चना कर पदभार ग्रहण किया। इस दौरान मनीष श्रीवास्तव एससीएस एवं शीतला पाटले डायरेक्टर कौशल विकास सहित ओएसडी एसएस सोलंकी,सुधीर श्रीमाला, आशुतोष वैध, प्रदीप पंवार, पृथ्वी टेटवाल, योगेश महेश्वरी, अंतरिक्ष पारीक उपस्थिति थे।

साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

## 'लंबित पत्रों का समय-सीमा में करें निराकरण'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

नवागत कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रथम कौशिक, अपर कलेक्टर मुकेश कुमार शर्मा, समस्त अनुविभागीय अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर द्वारा सर्वप्रथम जिला अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। इसके पश्चात समय सीमा से संबंधित लंबित पत्रों की समीक्षा आगामी बैठकों में की जायेगी, इस संबंध में निर्देशित किया गया कि आकांक्षा पोर्टल पर निराकरण की स्थिति को अपडेट किया जावे, उसी अनुसार समीक्षा की जावेगी। इसी प्रकार मुख्यमंत्री की आगामी बैठक से सम्बंधित योजनाओं के एजेंडा पर बिंदुवार समीक्षा की गई।



**ट्रक एवं बस चालकों की हड़ताल के कारण किसी भी स्थिति में आमजन एवं छात्रों को असुविधा न हो :** बैठक के दौरान बस एवं ट्रक चालकों की हड़ताल से सम्बंधित समस्या और उसके निराकरण के निर्देश दिए गए और सभी अनुविभागीय अधिकारियों को इस मामले की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करें कि ट्रक एवं बस चालकों की हड़ताल के कारण आम नागरिक एवं छात्रों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। पेट्रोल पंप पर पर्याप्त मात्रा में डीजल एवं पेट्रोल का स्टॉक रखा जावे। पेट्रोल-डीजल को लेकर कोई अवरोध पैदा करेगा तो उसे खिलाफ कार्यवाही की जावेगी। खाद्य अधिकारी सभी डीलर्स एसोसिएशन के साथ बैठक करना सुनिश्चित करें। सभी स्कूल बस नियमित रूप से संचालित रहें और बाधा उत्पन्न करने वालों पर सख्त कार्यवाही करें।बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गयी। इस दौरान शहरी एवं ग्रामीण साक्षरता का प्रतिशत, शिशु मृत्यु दर, कुपोषण की जानकारी प्राप्त की गयी तथा जिले में ग्राम पंचायतों में आयोजित किये जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के बारे में सभी डे-नोडल अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की और पोर्टल पर प्रतिदिन सभी योजनाओं की प्रगति अपडेट करने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान निर्माण विभाग से जुडे. हुए निर्माण कार्य की प्रगति निर्धारित प्रपत्र पर प्रतिशत के रूप में दर्शायी जावे। जल जीवन मिशन के तहत जिले में प्रगतिरत कार्य की समीक्षा की गयी और कार्य में गति लाने के निर्देश दिये गये। सीएम राइज की समीक्षा के दौरान चांचौड़ा में लंबित भूमि आवंटन मामले के निराकरण के निर्देश दिये गये।

आधा सैकड़ा से अधिक लोगों ने की तोड़फोड़

## सामाजिक जुर्माने की राशि न देने पर फिर हमला, 27 लोगों पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विधानसभा चुनाव के समय पुलिस द्वारा कड़ियासांसी गांव में दबिश देकर लाखों रुपए की अवैध शराब बरामद की गई थी। इस मामले में जिन लोगों के यहां से शराब पकड़ाई थी उन्होंने गांव के प्रकाश भानेपरिया पर पुलिस से मुखबिर का आरोप लगाते हुए जितनी भी शराब पुलिस द्वारा जब्त की गई उसके एवज में 45 लाख रुपए देने का सामाजिक जुर्माना लगाया था।

प्रार्थी प्रकाश भानेरिया ने विगत दिवस एसपी ऑफिस आकर भी गुहार लगाई थी। मंगलवार को फिर से एकराय होकर कड़ियासांसी गांव पहुंचे आधा सैकड़ा से अधिक लोगों ने प्रकाश भानेरिया और परिवार के लोगों पर लट्ठ, हथियारों से हमला कर दिया। मकान तोड़ दिए गए। वहीं घरों का पूरा सामान तोड़-फोड़ दिया गया। फरियादी प्रकाश सहित परिवार के लोगों ने नकदी सहित कई सारा सामान लूटने का आरोप भी लगाया है। मारपीट में एक युवक बुरी तरह घायल भी हुआ है। बाद में पुलिस ने इस मामले में 27 लोगों पर बलवे सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## जिला भारतीय मजदूर संघ के चुनाव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

भारतीय मजदूर संघ जिला राजगढ़ का कार्यकर्ता सम्मेलन ब्यावरा में आयोजित किया गया।जिसमें भारतीय मजदूर संघ के सभी संगठनों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। राज्य कर्मचारी संघ,बिजली कर्मचारी महासंघ, ऑगनवाडी कार्यकर्ता सहायिका महासंघ, आशा कार्यकर्ता महासंघ, हिम्माल एवं तुलावटी महासंघ, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, पर्यावरण मंच के अतिरिक्त संबंधित संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ब्यावरा भारतीय मजदूर संघ के इस सम्मेलन की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष कृष्णा मालवीय द्वारा की गई। जिसमें चुनाव अधिकारी भारतीय मजदूर संघ पर्यावरण मंच के प्रदेश संयोजक पवन मेहता रहे जिसमें भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह गुर्जर एवं विभाग प्रमुख धर्मस्वरूप भार्गव की उपस्थिति में आगामी 03 वर्षो के लिऐ राजगढ जिले की नई जिला कार्यकारिणी का गठन सर्वानुमति से किया गया। निम्न पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए।भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष राजेश सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष सुर्यकिरण शर्मा, पवन नामदेव,नितिन नामदेव निर्वाचित हुए। जिला मंत्री के पद पर संजय शेखर शर्मा एडव्होकेट निर्वाचित हुए एवं जिला कोषाध्यक्ष विश्वास नायगॉवकर एवं सहमंत्री के रूप में लक्ष्मी वर्मा, रमेशचंद्र नागरदेवीसिंह सोंध्या निर्वाचित हुए।



### घर-घर पीले चावल भेंट कर अयोध्या चलने का दिया न्यौता

**राजगढ़।** आगामी 22 जनवरी को श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में भगवान राम के नवनिर्मित मंदिर में प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा का भव्यतम आयोजन होने जा रहा है। इसी आयोजन में सम्मिलित होने विष्व हिन्दू परिषद एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर लोगों को पूजित अक्षत एवं आमंत्रण-पत्र से न्यौता दिया जा रहा है। परिषद के लोग 1 से 15 जनवरी तक अभियान चलाकर प्रत्येक घरों में पहुंचकर लोगों से राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मिलित होने आमंत्रण दे रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने सोमवार एवं मंगलवार को नगर के कंइ वार्डो, मोहल्लों एवं कॉलोनियों में पहुंचकर लोगों को पीले चावल भेंट कर कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आगृह किया। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह अक्षत अभियान के जिला प्रभारी तेजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अब वह दिन आ रहा है जब श्रीरामलला अपने नवनिर्मित भव्य मंदिर में विराजित होंगे। उन्होंने बताया कि जिले भर में इस अभियान के तहत 140 से ज्यादा कार्यकर्ता 1 हजार से अधिक परिवारों में संपर्क में आमंत्रण पत्रों का वितरण कर रहे हैं।

## सेवानिवृत्ति पर शिक्षिका स्नेह लता को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सेवानिवृत्ति कार्यक्रम एकीकृत कन्या एस ब्यावरा में पदस्थ शिक्षिका स्नेह लता आचार्य के सेवानिवृत्ति के अवसर पर शाला स्टाफ द्वारा विदाई कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिलीप शर्मा व संकुल प्राचार्य सुमनलता शुक्ला संकुल प्राचार्य बी.एल. शाक्यवार थे। सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। उसके पश्चात स्नेहलता आचार्य का सम्मान शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर किया गया। सभी अतिथियों द्वारा आचार्य मैडम के कार्य एवं व्यवहार की भूरी-भूरी प्रशंसा की जिस शाला से उन्होंने अपना अध्ययन प्रारंभ किया था उसी से आज विदाई ले रही है। आचार्य मैडम द्वारा बच्चों को पानी की बोतल बस स्टाफ को रिटर्न गिफ्ट दी गई। कार्यक्रम में कर्मचारी संगठन से रामचरण वर्मा, एल.सी.नागर, अशोक भार्गव, महेंद्र व्यास, चित्ररेखा व्यास पूर्व शाला प्रमुख डीसी वर्मा, हरीश सक्सेना, राजेंद्र वर्मा, शौकत अली खान, रामचंद्र दांगी शाला की समस्त शिक्षिका स्टाफ व बच्चे उपस्थित रहे। आभार व्यक्ति दांगी सर द्वारा व्यक्त किया गया। सभी स्टाफ सदस्य मैडम को घर तक छोड़ने डोल धमाके के साथ गए।

### ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्मदिन तीसरे वर्ष बीनागंज से उज्जैन पदयात्रा

**चाचौड़ा।** केंदीय मंत्री चाहने वालो की कमी नही है प्रकाश चन्द्र सेठी सिंधिया जी के जन्मदिन पर प्रतिवर्ष तीन साल से लगातार पदयात्रा कर रहे है।स्वास्थ्य कामना एवम मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री बनने तक अनवरत पदयात्रा जारी रहेगी। सेठी के पिता स्वर्गीय कैलाश मीना कैलाश बासी महा राज माधवराव सिंधिया के करीबी थे।

क्षेत्र में पूरे दिन छाई रही धंधु, बादलों की ओट में छिपे रहे सूर्य देव

## कोहरे की चादर से लिपटी वसुंधरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

क्षेत्र में भीषण ठंड का दौर लगातार जारी है। उत्तरी क्षेत्र से आ रही शीतलहर एवं पष्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मंगलवार को पूरे दिन शहर सहित जिला कोहरे की आगोश में समाता नजर आया। सूर्य देवता भी बादलों की ओट में छिपे रहे। दिन में चली सर्द हवाओं के कारण कई जगहों पर लोग अलाव के सहारे अपने को गर्म रखने का प्रयास करते नजर आए।

मौसम के जानकारों के अनुसार आगामी दिनों में तापमान में और ज्यादा गिरावट दर्ज की सकती है। वहीं मावठे की बारिष के आसार भी बने हुए हैं। चिकित्सकों ने सलाह दी है कि इस मौसम में बच्चों का ज्यादा ध्यान रखने की आवश्यकता है। बच्चों के मुंह, नाक और कान हमेशा ढककर रखने की सलाह दी जा रही है। भीषण ठंड को देखते हुए पिछले कुछ दिनों से नपा ने भी सार्वजनिक स्थानों पर अलाव के लिए लकड़ियां डलवाने की व्यवस्था करवा दी है।

### बीते एक हफ्ते में जिले का न्यूनतम तापमान

(तापमान डिग्री/सेल्सियस में)

| दिनांक | तापमान | दिनांक | तापमान |
|---|---|---|---|
| 27 दिसंबर | 9.4 | 31 दिसंबर | 11.2 |
| 28 दिसंबर | 8.0 | 01 जनवरी | 12.0 |
| 29 दिसंबर | 8.6 | 02 जनवरी | 12.4 |
| 30 दिसंबर | 10.2 | | |

खबर संक्षेप

## हायर सेकंडरी स्कूल का किया निरीक्षण



**आष्टा।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री अजब सिंह राजपूत द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया गया समस्त शिक्षक उपस्थित थे। अजब सिंह राजपूत द्वारा कक्षा दसवीं में छात्राओं को वार्षिक परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करने के लिए सुझाव दिए गए छात्राओं ने उन सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और समझा निदानात्मक कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल प्राचार्य अमर सिंह परमार द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला भूपोड, बड़ोदिया गाडरी, लसूडिया विजय सिंह का ऑनलाइन निरीक्षण किया गया। जिसमें छात्रों की संख्या कम होने पर उपस्थिति बढ़ाने के लिए शिक्षकों को निर्देशित किया गया।

## 5 जनवरी को सामान्य व सार्वजनिक अवकाश

**सीहोर।** श्रम पदाधिकारी प्रियंका बंशीवाल ने बताया कि शासन निर्देशानुसार जिले में पंचायतों एवं निर्वाचन क्षेत्रों में आने वाले कारखानों में कार्यरत कामगारों को मताधिकार का उपयोग करने की सुविधा देने की दृष्टि से सामान्य अवकाश तथा पराकाम्य लिखित अधिनियम (निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेन्टस एक्ट) 1881 के अंतर्गतर मतदान के दिन पंचायतों एवं निर्वाचन संबंधित क्षेत्रों में एक दिवस का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। जिससे कि कामगार अपने मताधिकार का उपयोग सुविधाजनक एवं निर्बाध रूप से कर सकें। संबंधित ग्राम पंचायत के मतदान क्षेत्रों में आने वाले दुकान एवं वाणिज्य संस्थानों के कामगारों को मतदान के लिए सुविधा देने की दृष्टि से उनके नियोजकगण तथा प्रबंधकगण मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 के अंतर्गत दुकान, संस्थान को निर्धारित दिन बंद, अवकाश नहीं रखते हुए जिनका बंद दिन निर्धारित नहीं हैं।

घने कोहरे के कारण वाहन चालकों को हो रही परेशानी

# मौसम ने ली करवट: रिमझिम बारिश से शीतलहर का दौर जारी, चल रही ठंडी हवाएं

बुधवार सुबह करीब 5 बजे से 11 के बीच रिमझिम बारिश होती रही जिससे मौसम खुशनुमा हो गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



शहर सहित ग्रामीण अंचलों में शीत लहर का दौर जारी है लगातार एक हफ्ते से सुबह कोहरा छाया रहता है इधर बुधवार सुबह 5 बजे से 11 के बीच रिमझिम बारिश होती रही जिससे मौसम खुशनुमा हो गया यह बारिश फसलों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी। बुधवार को एक बार फिर से क्षेत्र का मौसम बदला और रिमझिम बारिश होती रही इधर घना कोहरा भी छा गया जिसके चलते भोपाल इंदौर हाईवे ,कन्नौद खंडवा सहित अन्य मार्गों पर कोहरा छाने से वाहन चालकों को परेशानी उठाना पड़ी अधिकांश वाहन चालक हेडलाइट जलाकर वाहन चला रहे थे।

### रिमझिम बारिश ने घोली मौसम में ठंडक

वैसे तो नए साल की शुरुआत ही शीत लहर से हुई है लगातार एक हफ्ते से कड़ाके की ठंड पड़ रही है और कोहरा भी छा रहा है कोहरा रोजाना सुबह 9 बजे तक छाया रहता है। लेकिन बुधवार को सुबह 5 बजे से रिमझिम बारिश शुरू हो गई जो की 11 बजे तक बारिश होती रही बारिश से सबसे ज्यादा किसानों को फायदा हुआ है क्योंकि इस समय फसलों को पानी की जरूरत देती है।





# सकल हिंदू समाज ने चिकन शॉप बंद कराने दिया ज्ञापन

दुकान हटाने रहवासियों ने सौंपा ज्ञापन



**आष्टा।** मांस की दुकान को हटाने एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

नगर के ह्रदय स्थल बड़ा बाजार के समीप वार्ड क्रमांक 11 में चित्रांश स्कूल के सामने मुख्य मार्ग पर मांसाहारी चिकन शॉप खुलने का सकल हिन्दू समाज ने विरोध दर्ज कर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आष्टा के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की गई कि बडा बाजार के नजदीक यह मुख्य मार्ग है जिससे प्रतिदिन सुबह और सांयकाल को शंकर मन्दिर, अन्नपुर्णा माता मंदिर, किला स्थित दिगम्बर जैन एवं श्वेताम्बर जैन समाज के मंदिर जाने हेतु यह प्रमुख मार्ग है, तथा इसके आसपास शाकाहारी समाज निवास करते है। मांस चिकन जैसे अभक्ष्य पदार्थो की दुकान खुलने से शाकाहारी समाज की आशथा पर खिलवाड़ है। मप्र शासन की मांस मटन गाइडलाइन का सरासर उल्लंघन है। जिसे सकल हिन्दू समाज बर्दास्त नही कर पायेगा। ज्ञापन में मांग की गई कि तत्काल प्रभाव से उक्त दुकान को हटाया जाए। ज्ञापन देने वालो में सकल हिन्दू समाज के अध्यक्ष सुरेश सुराणा, हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष रुपेश राठौर दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष आनंद जैन, श्री श्वेताम्बर जैन समाज प्रमुख पारस मल सिंघी, दिलीप सेठी, मनोज जैन सुपर, मुकेश नामदेव, कैलाश जैन चित्रलोक, लोकेंद्र बनवट, राजीव गुप्ता आदि समस्त सकल हिन्दू समाज के अध्यक्ष गण मौजूद रहे।

# वाहन चालक यातायात नियम की उड़ा रहे धज्जियां लापरवाही के चलते जिंदगी से कर रहे खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



इन दोनों यातायात नियमों की लोडिंग वाहन वाले अधिक धज्जियां उड़ा रहे हैं।अपने वाहन में सामान भरने के स्थान पर सवारियां ढो रहे है और वह भी पिकअप जैसे वाहन में 50 से अधिक सवारियां लटकाकर वाहन धड़ल्ले से दौड़ा रहे हैं।यात्रियों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने में कोई कसर नहीं वरत रहे हैं और ना ही यातायात पुलिस इन वाहनों पर नजर डाल रही है।किसी भी दिन बड़ा हादसा घटित होगा तो लोग पुलिस प्रशासन को कोसते हुए नजर आएंगे। बीते दिनों नगर के कन्नौद रोड पर एक पिकअप वाहन पर जब नजर गई तो उस मार्ग पर जा रहे हैं सभी लोग आश्चर्यचकित रह गए।इस पिकअप वाहन के केबिन के ऊपर भी लोग बैठे हुए थे तथा पूरे वाहन में 50 से अधिक यात्री लटकते हुए अपनी जिंदगी से खिलवाड़ करते हुए नजर आ रहे थे। यह वाहन अनेक थानों के सामने से निकला, लेकिन किसी की भी नजर इस वाहन पर नहीं पड़ी।इस प्रकार के वाहन वालों पर सख्ती के साथ पुलिस को कार्रवाई करना चाहिए, ताकि लोगों की जिंदगी से भविष्य में खिलवाड़ ना कर सकें।

# किसानों की समस्याओं पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा





भारतीय किसान संघ आष्टा की मासिक बैठक कृषि उपज मंडी के कृषक विश्राम गृह में आयोजित की गई। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्या के बारे में चर्चा की गई। जिसमें राजस्व बिजली सहकारिता आदि विभागों से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की गई। इस वर्ष गेहूं 2700 रुपए प्रति कुंतल कि दर से सरकार खरीदी की सुनिश्चितता करें बिजली विभाग में आ रही परेशानियों को खत्म किया जाए। निर्बाध और गुणवत्ता वाली बिजली मिले कनेक्शन, ट्रांसफार्मर समय पर उपलब्ध हो। विभिन्न प्रकार के कनेक्शन की शुल्क की सूची विभाग के सूचना पटल पर चस्पा हो, समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए समय से पंजीयन हो पंजीयन में अनावश्यक जटिलता ना आए, आदि विषय पर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया। जिससे कि शासन प्रशासन किसानों की इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाय। बैठक में भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष राकेश वर्मा, तहसील मंत्री दरियाव सिंह पांचाल, तहसील उपाध्यक्ष सचिन पटेल, जिला उपाध्यक्ष चंदर सिंह ठाकुर, चंदर सिंह बागैर, तहसील कार्यकारिणी सदस्य कृपाल सिंह मेवाडा, ज्ञान सिंह डाबरी, महेंद्र कुमेर सिंह मर्दा खेड़ी, सुरेंद्र सिंह, रमेश कोटरी, ज्ञान सिंह, गणेश डाबड़ी आदि किसान कार्यकर्ता व किसान पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 95 वर्षीय बुजुर्ग कारसेवक का किया सम्मान: कारसेवकों के त्याग बलिदान के बिना राम मंदिर निर्माण असंभव था: गोविंद जाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा





नगर में चल रही संत गोविंद जाने की कथा के तीसरे दिवस पर मधुर वचन सुनते हुए संत श्री ने जीवन मंत्र और रघुकुल के संस्कारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, जीवन में हमेशा लिखे हुए कागज की तरह ही बनो लिखे हुए कागज मूल्यवान होते हैं रद्दी और कोरे कागज की तरह बनोगे तो रोड पर फेंक दिए जाओगे अपने जीवन की किताब में अनमोल शब्द लिखने का प्रयास करो ताकि आपकी हमेशा कद्र होती रहे।

जो बदला लेने की भावना रखें वह दृष्टि है पर जो दुष्ट को भी बदल दे वही संत और महात्मा है हमेशा बदले की नहीं बदलने के भाव रखो, भक्ति करो तो मीराबाई जैसी करो भक्ति करने में धान की आवश्यकता नहीं होती है राजा की बेटी अपने राजपथ को त्याग कर गोवर्धन की धुन में लग गई एक दिन गोविंद को स्वयं उनके घर आना पड़ा भक्ति में ही सच्ची शक्ति है मेरा तो गिरधर नागर दूसरा ना कोई जिस दिन धन से नहीं धणी से प्रेम हो जाएगा उस दिन गिरधर आपसे मिलने आएगा, भजन करते समय मेरा अपना तुम्हारा अच्छा बुरा सामने आ गया तो समझो आपका भजन व्यर्थ है, जिन्होंने गुरु मंत्र की ज्यादा हासिल कर ली जिनके मन में गुरुमुखी है वह एक दिन रघुनाथ जी से गुण धारण कर लेता है, कथा को सुन लेने से कुछ भी नहीं होता कथा को सार्थक आत्मा में पी लेने से आपका भला होता है यह अमृत रूपी शब्द आपके जीवन को धन्य करते है। अवधपुरी में रघुकुल शिरोमणि दशरथ नाम के राजा हुए, जिनका नाम वेदों में विख्यात है।

वे धर्मधुरंधर, गुणों के भंडार और ज्ञानी थे। इस दौरान कथा में संत गोविंद जाने ने पुछा कोई है जो अयोध्या में कारसेवा करने गया था। तब सैकड़ो की संख्या में मोजूद श्रद्धालुओं में सिर्फ़ एक 95 वर्षीय बुर्जुग मोती लाल परमार ही सामने आए जो अयोध्या में कार सेवा करने गए थे। इस दौरान संत गोविंद जाने ने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुऐ कहा की जब अयोध्या में कारसेवक गए थे तब वह महज़ 4-5 वर्ष की उम्र के थे। और आज सौभाग्य की बात है हम राम मंदिर का निर्माण होते हुऐ देख रहे है और इसमें हजारों कारसेवकों का त्याग और बलिदान हे। इस दौरान संत गोविंद जाने ने किलेरामा के सरपंच राकेश परमार के दादा 95 वर्षीय मोतीलाल परमार को मंच पर बुलाकर व्यास पीठ से पुष्प माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। कथा स्थल में मुख्य रूप से डॉ मनोज नागर,बंटी मेवाडा,चेतन सिंह ठाकुर, चेतन वर्मा,राजा मेवाडा, जुगल पटेल, नानूराम मेवाडा, चन्द्र ठेकेदार, धीरप सिंह, विजय खंडेलवाल, सौभल सिंह मुलगी, बलबहादुर भगत, जुगल मालवीय, कमल सिंह चौहान, जय हिंद शर्मा, जटल सिंह, सांध्य बजाज, भागवती सोनी, शैल बाला शर्मा, सुनीता माहेश्वरी, टीना पांचाल, संगीता शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन पॉली क्लीनिक के निर्माण कार्य का नपा प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



नगरपालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 15 इंदिरा कॉलोनी स्थित बीआरसी भवन के समीप 31 लाख रूपये की लागत से बनने वाले मुख्यमंत्री पॉली क्लीनिक के निर्माण कार्य का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा जनप्रतिनिधि एवं नगरपालिका के तकनीकी अधिकारी की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित निर्माणकर्ता ठेकेदार को कार्य में उच्च गुणवत्ता बरतने संबंधी निर्देश दिए गए। श्री मेवाड़ा ने कहा कि इस वार्ड के नागरिक मेहनत मजदूरी करके अपना जीवन यापन करते है, आर्थिक रूप से कमजोर होने के चलते बेहतर स्वास्थ्य लाभ नही ले पाते है। इन जैसे नागरिकों की चिंता करते हुए ही प्रदेश सरकार ने इस योजना का शुभारंभ किया है। जिसके चलते आज आपके उचित स्वास्थ्य लाभ के लिए पॉली क्लीनिक का भूमिपूजन विगत वर्ष किया गया था जो अब आधे से ज्यादा पूर्ण होने की ओर है।

### मिलेंगी सुविधाएं

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने बताया कि निर्माणाधीन पॉली क्लीनिक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुलेगा। इनमें सामान्य ओपीडी सेवाएं, गर्भवती माताओं के लिए प्रसव पूर्व देखभाल। टीकाकरण, संक्रामक और गैर-संक्रामक रोगों की स्कैनिंग-वृद्ध से जुड़ी चिकित्सा, हीमोग्लोबिन, मलेरिया, टाइफाइड, प्रेगनेंसी सहित आठ जांचें भी क्लीनिक में ही रैपिड किट से होगी। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सहायक यंत्री अनिल धुर्वे, पार्षद रवि शर्मा, तारा कटारिया, पूर्व पार्षद भगवतसिंह मेवाड़ा, आदर्श सुराना मौजूद थे।

मालवीय समाज की बैठक का आयोजन किया गया, कई मुद्दों पर की गई चर्चा

# अच्छी शिक्षा और संस्कार से होती है बेहतर समाज की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

अच्छी शिक्षा, अच्छे संस्कार से ही एक अच्छे समाज की पहचान होती है। आज हमें अपने बेटे, बेटियों को अच्छी शिक्षा दिलाने की जरूरत है। इसी शिक्षा के बलबूते वह एक दिन अपना, परिवार, समाज का नाम रोशन करेगा। उस दिन हमें बहुत गर्व होगा। इस बात का हमेशा ध्यान रखे। अपने खर्च में भले कटौती कर ले पर बेटे-बेटियों की शिक्षा में किसी तरह की कटौती नहीं करें। यह बात आष्टा के कन्नौद रोड स्थित अखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज की धर्मशाला में मंगलवार को आयोजित बैठक में समाज के वरिष्ठ लोगों ने कहीं। बैठक की शुरूआत संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर हुई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रघुनाथसिंह मालवीय, पूर्व जनपद अध्यक्ष बापूलाल मालवीय, कमलसिंह चौहान, एचआर परमाल, जगदीश चौहान थे। बैठक में पदाधिकारियों ने उपस्थित लोगों को समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में लगातार काम करने की बात कही।



### व्यर्थ के खर्चो से बचे

बैठक में समाज के जागरूक लोगों ने अपनी बात रखते हुए कहा कि वर्तमान समय में किसी की मौत होने पर अंत्येष्टी वाले दिन ही भोजन कराने की समाज में परंपरा सी बन गई है। कई लोग अंत्येष्टी वाले दिन भी आने वाले लोगों को भोजन कराते हैं और नुक्ते वाले दिन अलग मृत्यभोज कराते हैं। इससे डबल खर्च होता है। ऐसा नहीं करना चाहिए। अंत्येष्टी वाले दिन तो किसी को भी भोजन नहीं कराना चाहिए, जहां तक नुक्ते की बात है तो उसे भी सीमित करना चाहिए। जिससे कि पैसे की बर्बादी नहीं हो और यही पैसा किसी दूसरे काम में आ सकें।

### आत्मनिर्भर बनने पर दिया जोर

आयोजित हुई बैठक में मौजूद अतिथियों ने समाज के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि अच्छी पढ़ाई के बाद भी यदि सरकारी नौकरी नहीं लगती है तो खुद का व्यवसाय या व्यापार करें। यदि पैसे की आर्थिक समस्या आ रही है तो बैंक से भी ऋण लेकर खुद का व्यापार खड़ा कर सकते हैं। वही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजना भी चल रही है, उनका भी लाभ लिया जा सकता है। इस अवसर पर रमेश टीपाखेड़ी, ग्राम पंचायत टांडा सरपंच गजराजसिंह सोलंकी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, रमेश चौहान मालीखेड़ी, जीवनसिंह सोलंकी, जगदीश द्रविड, सोभालसिंह शेकूखेड़ा, सरपंच कृपालसिंह परमार सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

# पंच पद के 10 में से 8 पंच निर्विरोध निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आष्टा विकास खंड की नौ ग्राम पंचायतों में पंच के 10 रिक्त पदों के लिए चुनाव कराए गए। वहां पर जैसे तैसे इन रिक्त पदों पर नाम निर्देशन पत्र जमा करवाए गए ।फिर भी दो वार्ड रिक्त रह गए हैं। एक वार्ड में मतदाता ही नहीं तो ,दूसरे में उस वर्ग की महिला नहीं है। 9 ग्राम पंचायत में पंचों के 10 भानाखेडी, मेहतवाडा, डोडी,नौगांव, अरोलिया आष्टा, पाडलिया, लोरासखुर्द दो पंच पद , पारदीखेड़ी, झीकडी मेवाती में निर्वाचन होना था।आठ स्थानों पर एक -एक नामांकन पत्र जमा होने पर निर्विरोध हो गए।भानाखेड़ी के वार्ड क्रमांक 13 में मतदाता नहीं और मेहतवाड़ा के वार्ड क्रमांक 5 में अनुसूचित जाति वर्ग की महिला नहीं। रिटर्निंग ऑफिसर मुकेश सांवले ने बताया कि जनपद पंचायत विकास खंड के ग्राम पंचायत नौगांव के वार्ड 11 में बबिता राहुल, अरोलिया आष्टा के वार्ड 13 में किशनलाल देवीसिंह, डोडी के वार्ड क्रमांक 2 में रीना बाई गजराजसिंह ,पाडलिया के वार्ड क्रमांक 13 में गुलाबसिंह जयसिंह ,लोरासखुर्द के वार्ड क्रमांक 2 एवं 7 में सुमन बाई जीवनसिंह एवं महेश टीकाराम, झीकड़ी मेवाती वार्ड 10 में कविता संतोष तथा पारदीखेड़ी के वार्ड क्रमांक 8 में ललता मबूलाल के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए थे। एक-एक नामनिर्देशन पत्र प्राप्त होने पर नाम वापसी के समय पश्चात उपरोक्त सभी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।